C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:14 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 11 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 23 जून 2025

जब यश चोपड़ा ने अमिताभ को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गूलरभोज बौर जलाशय में घूमने आए आर्मी जवान की डूबकर मृत्यु

**रुद्रपुर।** हल्द्वानी में सेना की आर्मी सप्लाई कोर में तैनात जवान की बौर जलाशय में डूबकर मृत्यु हो गई। मृतक तीन साथियों के साथ बौर जलाशय घूमने आया था। देर शाम मृत्यु की सूचना के बाद एसडीआरएफ,जल पुलिस और नागरिक पुलिस ने शव बरामदगी के लिए संयुक्त सर्च आपरेशन चलाया, लेकिन रात को शव बरामद नहीं हो सका। सोमवार को एनडीआरएफ नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया जिसके बाद जवान का शव बरामद हो गया। पुलिस के मुताबिक आर्मी सप्लाई कोर,हल्द्वानी में नायक पद पर तैनात 25 वर्षीय हिमांशु मिश्रा तीन आर्मी जवानों हवलदार दीनदयाल,नायक लवप्रीत सिंह व संजय कुमार के साथ अपराह्न बौर जलाशय में घूमने आया था। इस दौरान बौर जलाशय में घूमने के दौरान हिमांशु नहाने के लिए जलाशय के माइल स्टोन नंबर 8-5 पर उतर गया। इस दौरान पानी के गहरे प्रवाह में आकर फंसने से जवान जलाशय की तलहटी में समा गया। यह देऽ साथियों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दी गई। सूचना पर चौकी प्रभारी विजेंद्र कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतक के साथियों से जरूरी जानकारी हासिल की। इसी बीच सूचना को मृतक के आर्मी हेड क्वार्टर हल्द्वानी को भी दी गई। इस बीच जल पुलिस प्रभारी प्रशांत कुमार व एसडीआरएफ प्रभारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सर्च आपरेशन चलाया गया। ढाई घंटे सर्च ऑपरेशन के जद्दोजहद के बाद अंधेरा होने के कारण सर्च अभियान रोकना पड़ा। सोमवार को पुन: सर्च अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद जवान का शव बरामद कर लिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। हल्द्वानी से भी आर्मी से अधिकारी पहुंच गए है।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट ने लगाई त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर रोक

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर को रोक लगा दी है। आरक्षण नियमावली का नोटिफिकेशन जारी नहीं होने पर नैनीताल हाईकोर्ट ने पंचायत चुनावों पर रोक लगा दी है।

शनिवार को ही राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी की थी। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्धारित किये गए आरक्षण के रोटशन प्रक्रिया को चुनौती देती याचिकाओं की सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद उत्तराखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी.नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने आरक्षण को नियमों के तहत तय नहीं पाते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर रोक लगा दी है साथ में सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। बीते शुक्रवार को कोर्ट ने राज्य सरकार से स्थिति से अवगत कराने को कहा था। परन्तु राज्य सरकार आज स्थिति से अवगत कराने में असफल रही है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार ने चुनाव की तिथि निकाल दी जबकि मामला कोर्ट में चल रहा है जिस पर कोर्ट ने पूरी चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी। मामले के अनुसार बागेश्वर निवासी गणेश दत्त कांडपाल व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि सरकार ने 9 जून 2025 को एक आदेश जारी कर पंचायत चुनाव हेतु नई नियमावली बनाई साथ ही 11 जून को आदेश जारी कर अब तक पंचायत चुनाव हेतु लागू आरक्षण रोटशन को शून्य घोषित करते हुए इस वर्ष से नया रोटशन लागू करने का निर्णय लिया है जबकि हाईकोर्ट ने पहले से ही इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं।

याचिकाकर्ता के अनुसार इस आदेश से पिछले तीन कार्यकाल से जो सीट आरक्षित वर्ग में थी वह चौथी बार भी आरक्षित कर दी गई है। जिस कारण वे पंचायत चुनाव में भाग नहीं ले पा रहे हैं। इस मामले में सरकार की ओर से बताया गया कि इसी तरह के कुछ मामले एकलपीठ में भी दायर हैं। जबकि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने खण्डपीठ में 9 जून को जारी नियमों को भी चुनौती दी है। जबकि एकलपीठ के समक्ष केवल 11 जून के आदेश जिसमें अब नए सिरे से आरक्षण लागू करने का उल्लेख है, को चुनौती दी गई है जो अधिसूचना जारी की गई थी, उसके अनुसार उत्तराखंड के हरिद्वार जिले को छोड़कर अन्य 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाने थे। उत्तराखंड शासन की ओर से चुनावी कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने शनिवार को प्रेसवार्ता को संबोधित किया था। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया था कि राज्य सरकार की ओर से आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग को भी भेज दी गई थी। ऐसे में पंचायती राज सचिव की ओर से चुनावी अधिसूचना 21 जून को जारी होने के बाद आज 23 जून को जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव की सूचना जारी करनी थी। लेकिन उसके पहले ही सोमवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल ने पंचायत चुनावों पर रोक लगा दी है। इससे पहले 21 जून को जो अधिसूचना जारी की गई थी, उसके अनुसार उत्तराखंड में दो चरणों में पंचायत चुनाव कराए जाने थे,19 जुलाई को एक साथ मतगणना होनी थी।

### एसओईसी ने सावधानी बरतने का भेजा पत्र

## आज से 26 तक प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में आज से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून और नैनीताल जिले के कुछ क्षेत्रों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान विभाग ने 22 से 26 जून तक राज्य के देहरादून, नैनीताल, टिहरी, चंपावत में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। इसके मद्देनजर यूएसडीएमए के अधीन राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसओईसी) ने संबंधित जिलों के डीएम को पत्र भेजकर सावधानी बरतने को कहा है। इसमें आपदा प्रबंधन आईआरएस के नामित अधिकारी व विभागीय नोडल अधिकारी अलर्ट पर रहेंगे। भूस्खलन के लिए संवेदनशील मार्गों पर उपकरणों की पहले व्यवस्था रखी जाएं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए आवागमन में नियंत्रण बरता जाए। सभी राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने तैनाती क्षेत्रों में बने रहेंगे।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून और नैनीताल जिले के कुछ क्षेत्रों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चम्पावत, अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 28 जून तक प्रदेश भर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है।

## आम के बाग में युवक का शव फांसी पर लटका मिला, मौत

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

सोमवार सुबह गंगापुर रोड़ पर आम के बाग में एक युवक का शव फांसी पर लटका हुआ मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवक को पेड़ पर फांसी से युवक को नीचे उतारकर चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाजसेवी संजय ठुकराल भी मौके पर पहुंचे। मृतक की शिनाख्त गंगापुर रोड़ वार्ड नंबर 1 फुलसूंगा निवासी 26 वर्षीय अभिषेक पुत्र स्व-चंद्रभान अरोड़ा के रूप में की गई। मामले की जानकारी मिलते ही उसके परिजन भी आ गए और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक मृतक अभिषेक श्याम टॉकीज रोड स्थित रेडीमेड की दुकान पर काम करता था। गंगापुर रोड़ पर जा रहे लोगों ने सड़क किनारे स्थित आम के बाग में पेड़ पर एक युवक को फांसी पर लटका हुआ देखा। इसकी खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और भरी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष मोहन चन्द्र पाण्डे ने पुलिस कर्मियों व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर युवक को फंदे से नीचे ऊतरवाया और वाहन खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी लेकर युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की शिनाख्त गंगापुर रोड़ वार्ड नंबर 1 फुलसूंगा निवासी अभिषेक के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक अभिषेक के पिता का निधन करीब 10 साल पहले पूर्व में हो चुका है।अभिषेक श्याम टॉकीज रोड स्थित रेडीमेड की दुकान पर काम करता था। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई अरुण ने बताया कि अभीषेक गत रात्रि करीब 9 बजे घर से यह कहकर गया था कि वह दस मिनट में वापस लौट आएगा। जब वह काफी देर बाद भी नहीं लौटा तो उसकी संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई। परन्तु उसका कही कोई पता नहीं चल पाया। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी मिली। कोतवाल मोहन चंद पांडे ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## प्रशांत पर फायरिंग करने वाला फरार अभियुक्त बरेली से दबोचा

**रुद्रपुर**
हमारे संवादददाता

**कार्रवाई**

- मुख्य आरोपी विदेश में और दो आरोपियों ने हाईकोर्ट से स्टे ले रखा है

एक युवक पर की गई फायरिंग की घटना में शामिल फरार अभियुक्त को पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस पांच आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि दो ने हाईकोर्ट से स्टे ले रखा है। पुलिस के मुताबिक 27 जून 2024 को गदरपुर निवासी अनिल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र प्रशांत रुद्रपुर मुख्य बाजार में किसी काम से आया। तभी प्रशांत पर कुछ लोगों ने जान से मारने के इरादे से फायरिंग की थी। पुलिस ने तहरीर पर 9 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस नामजद आरोपियों में 5 को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार विरेन्द्र कुमार ऊर्फ विरेन्द्र ठाकुर पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम नौली थाना बहेडी जिला बरेली यूपी के गोटिया बहेडी बरेली में होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस उसे वहां पहुंच कर गिरफ्तार कर लिया। एसएसआई ने बताया कि घटना को अंजाम देने में शामिल मुख्य आरोपी विदेश में हैं।दो आरोपियों ने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी स्टे ले लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूडी,एसएसआई नवीन बुधानी, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिह,अपर उप निरीक्षक सन्तोष उप्रेती, हयात चन्द्र आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हल्द्वानी।** शहर में किशोरियों के लापता होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में मुखानी और बनभूलपुरा थानाक्षेत्रों से तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। इनमें से एक किशोरी ने घर छोड़ने से पहले परिजनों के नाम पत्र भी छोड़ा है। पुलिस ने तीनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना 20 जून की है। कठघरिया निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी शाम करीब 4 बजे घर से कहीं चली गई और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। दूसरे मामले में कमलुवागांजा निवासी व्यक्ति ने बताया कि 21 जून की सुबह उनकी 16 वर्षीय भांजी घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है, सीसीटीवी फुटेज की मदद से किशोरियों की तलाश की जा रही है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हमारे आदर्श: धन सिंह

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



भाजपा संभाग कार्यालय. में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत, मेयर रुद्रपुर विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री रावत ने कहाँ कि डॉ मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि %%या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था,नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान। मुख्य वक्ता रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहाँ कि डॉ मुखर्जी हमारे प्रेरणास्त्रोत है और भाजपा कार्यकर्त्ता उनके बताये आदर्श पर चल रहें है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर पुरे देश में एक विधान लागू किया गया है। कार्यक्रम में दर्जा मंत्री डॉ अनिल डब्बू,रंजन बर्गली, प्रतिभा जोशी, विजय मनराल, राशि जैन, जीतेन्द्र मेहता, पन राम, बॉबी आर्या आदि मौजूद रहे।

# वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**


कोर एसेंस लाइफ रूट फाउंडेशन की टीम ने शनिवार को पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल के साथ मिलकर बेबू हट हनुमान मंदिर के पास एक अनोखा अभियान चलाया। इस अभियान में टीम ने न केवल सफाई की बल्कि वृहद स्तर पर पौधरोपण भी किया। इस अभियान के दौरान टीम ने लोगों को संदेश दिया कि योगा के लिए स्वच्छ वातावरण और प्रदूषण मुक्त वातावरण बहुत जरूरी है। कूड़ा और गंदगी न केवल हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि हमारे स्वास्थ्य को भी प्रभावित करते हैं। अभियान में टीम के सदस्यों भावना रौतेला और नीमा अधिकारी के जन्मदिन पर उनके द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अभियान मेंसरिका जोशी श्रीवास्तव, नवल किशोर त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद, ज्योति दुर्गापाल, संजू देवी, सोनिया पांडे, सुप्रिता साह, दिया आर्या, बीना बसेड़ा, भावना रौतेला, आरती बिष्ट, शिवानी आर्या, संगीता कोरंगा, किरन,सरिता आर्या तथा आद्रिका जोशी था फोटोग्राफर प्रियांशु प्रसाद और अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।



## 351वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल** । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन शनिवार को 351वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पौधारोपण के साथ योग कार्यक्रम में स्लोगन एक पौधा धरती मां के नाम लगाकर करो योग। मिलेगी आकसीजन रहोगे निरोग के तहत तीन पीढ़ियों ने एक साथ पौधा रोपण कर योग किया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने पिता 91 वर्षीय सेवानिवृत प्रधानाचार्य तारा दत्त गुरुरानी व पुत्र नवल गुरुरानी के साथ पौधा लगाकर योग किया।



## कर्मचारी/अधिकारियों ने किए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी व निदेशक प्राणी उद्यान चन्द्रशेखर जोशी के निर्देशन में शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में नैनीताल प्राणी उद्यान, हिमालयन बोटैनिकल गार्डन एवं नगरपालिका वन क्षेत्र के कर्मचारी/अधिकारियों द्वारा योग किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुश्री स्वाति उप निदेशक प्राणी उद्यान नैनीताल, आनन्द लाल, वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान नैनीताल एवं नैनीताल प्राणी उद्यान/नगरपालिका वन क्षेत्र के कर्मचारी/अधिकारियों द्वारा बांज, चिनार एवं पदम आदि वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राणी उद्यान नैनीताल के महेश सिंह बोरा वन दरोगा, जगदीश सिंह कोरंगा वन दरोगा, अरविन्द कुमार वन आरक्षी, नितिन मुकेश वन आरक्षी ,आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, विक्रम सिंह मेहरा फ र्मासिस्ट समेत नगरपालिका वन क्षेत्र के संतोष गिरी वन दरोगा, हरीश वन दरोगा, राजेन्द्र वर्मा वन आरक्षी एवं प्राणी उद्यान नैनीताल/नगरपालिका वन क्षेत्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाजिक कार्यकर्ता की गिफ्तारी मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आरटीआई एकिटविस्ट व समाजिक कार्यकर्ता भुवन पोखरिया की गिरफ्तारी पर रोक व दर्ज मुकदमे को निरस्त करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने समाज सेवी व आरटीआई एकिटविस्ट पोखरिया की गिरफतारी पर लगी रोक को जारी रखते हुए सरकार से दो सप्ताह में जांच पूरी कर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद कि तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार चोरगलियां निवासी सुधीर जांगी व एक अन्य के द्वारा समाजसेवी पोखरिया व दो अन्य ग्राम प्रधानों के खिलाफ यह कहकर मुकदमा दर्ज कराया था कि इन्होंने क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जबकि याचिका में कहा गया कि यह मुकदमा झूठा है। क्षेत्र के लोग अपनी मांग को लेकर विधायक से शिकायत कहने जा रहे थे, विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का समय दिया। 27 अकटूबर 2024 को विधायक ने सभी क्षेत्र वासियों को प्रभात जूनियर हाई स्कूल में एक मीटिंग बुलाई कि सभी पधुपालकों को पुरष्कार राशि दी जाएगी। जिसमें क्षेत्र के सैकडों पधुपालकों ने प्रतिभाग किया। लेकिन भीड़ को देखकर विधायक जन आक्रोश को देखकर बिना बोनस दिए सभा से चले गए । जब इसका विरोध समाज के जागरूक नागरिकों के द्वारा किया गया तो उनके खिलाफ चोरगलिया थाने में समाज सेवी पोखरिया सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों सहित बीडीसी सदस्यों के खिलाफ सम्बंधित थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 126(2), 131, 324(2), 352 और 365 के तहत दर्ज करा दिया गया। जबकि याचिका में कहा गया कि वे पशुपालक है। दो लोगो की शिकायत पर एक ईमानदार पशु चिकित्सक को लालकुआं में संबंध कर दिया गया बिना किसी कारण के, जबकि क्षेत्र की करीब 12 हजार से अधिक पशुपालक उनके कार्य करने से सन्तुष्ट थे। दो लोग नाखुश थे।

उनकी ही शिकायत पर पशु चिकित्सक का ट्रांसफर हुआ। उसके बाद अभी तक कोई पशु चिकित्सक की नियुक्ति उनके क्षेत्र में नही हुई। एक फोथकलास को वहां भेज दिया गया है जबकि उनके क्षेत्र में इस सीजन का केवल 25 प्रतिशत ही पशुओं का टीकारण व गर्भधान हुआ है। लेकिन व्यक्ति बिसेष ने इसका गलत फायदा उठाते हुए उनके खिलाफ यह जनाआक्रोश व्यक्त कर समाजिक कार्यकर्ताओ के खिलाफ साजिशन मुकदमा दर्ज कराया इसलिए उनकी गिरफतारी पर रोक लगाई जाय और दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाय।

## NEWS / फटाफट

### जे.सी.बोस तकनीकी परिसर में 21 दिनों का अवकाश

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि नैनीताल के दोनों परिसरों क्रमशः डीएसबी परिसर नैनीताल तथा सर जे.सी.बोस तकनीकी परिसर भीमताल में आज 23 जून (सोमवार) से लेकर 13 जुलाई (रविवार) तक कुल 21 दिनों का ग्रीष्मकालीन अवकाश होगा। कुमाऊं विवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मन्द्रवाल ने बताया कि कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत से मिली स्वीकृति के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि घोषित कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि इस अवकाश की अवधि में परीक्षा व प्रवेश कार्य भी होते रहेंगे। बताया कि जो शिक्षक तथा वैकेशनल स्टाफ अवकाश अवधि में कार्यरत रहेंगे उन्हें उतने ही दिनों का प्रतिकर अवकाश देय होगा। बताया कि प्रतिकर अवकाश माह दिसंबर 2025 तक ही देय होंगे,उसके बाद वह समाप्त माने जाएंगें। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विवि के दोनों नैनीताल व भीमताल परिसर 14 जुलाई (सोमवार) से यथावत खुलेंगे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नैनीताल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 60 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें सामान्य जांच,बलड प्रेशर तथा शुगर स्तर आदि शामिल थे। यह शिविर आम जनता की सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर नैनीताल बैंक के मुखय परिचालन अधिकारी डॉ. दीपक पंत तथा मुखय वित्त अधिकारी महेश गोयल सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि नैनीताल बैंक समय.समय पर इस प्रकार के जनहितकारी सामाजिक कार्यों का आयोजन करता रहता है। बैंक का यह प्रयास न केवल सामाजिक जिमेदारी की दिशा में एक मजबूत कदम हैए बल्कि यह स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी माध्यम है।

### प्रो. पी.सी. जोशी के निधन पर शोक जताया

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं कुमाऊं विवि के प्रति कुलपति प्रो. पी.सी. जोशी (69) के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कूटा के मुताबिक प्रो. जोशी सरल व्यक्ति के धनी तथा बागेश्वर जिले के मूल रूप से रहने वाले थे । कूटा ने प्रो. जोशी को श्रद्धांजलि दी है तथा गहरा शोक व्यक्त किया है । कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी ,डॉ विजय कुमार,प्रो. नीलू लोदियाल, डॉ दीपक कुमार, डॉ संतोष कुमार,डॉ पैनी जोशी, डॉ उमंग सैनी, प्रो. अनिल बिष्ट ,डॉ रितेश साह ,डॉ युगल जोशी तथा डॉ नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

### धारी में योग दिवस मनाया गया



**धारी।** धारी में योग दिवस मनाया गया। जिसमें विकासखंड धारी ब्लाक एवं डिस्ट्रिक्ट कापरेटिव बैंक एवं जनता ने प्रतिज्ञभाग किया। इस मौके पर कार्यक्रम में योग के महत्व को बताया गया। योग केवल व्यायाम नही बल्कि शरीर, मन तथा आत्मा को संतुलित करने का एक जीवन मूल्य है। योग कार्यक्रम के बाद सहायक समाज कल्याण अधिकारी ने नशा मुक्त अभियान के तहत जागरुक किया।वही नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। इस मौके सहायक खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद्र गंगवार, लेखाकार गोविंद गिरी गोस्वामी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी अंजू बिष्ट, नैनीताल डिस्टिक कोऑपरेटिव शाखा प्रबंधक मनोज कुमार वह अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## मानसून मैराथन की तैयारियों को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित

**हल्द्वानी /देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

रन टू लिव संस्था नैनीताल ने आगामी 14 सितंबर (रविवार) को होने वाली मानसून मैराथन की तैयारियों को लेकर रविवार को नगर के न्यू कलब सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया और मानसून मैराथन के बारे में जानकारी देने के साथ ही टीशर्ट की लॉन्चिंग भी की। इस वर्ष की मानसून मैराथन थीम रन फ ॉर उत्तराखंड रखी गई है प्रतियोगिता के दिन 5 होनहार खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी।

रन टू लिव संस्था के सचिव व अंतर्राष्ट्रीय धावक हरीश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष मानसून मैराथन का विशेष आयोजन आगामी 14 सितंबर (रविवार) को होगा और यह मैराथन का 14 संस्करण है। तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता नैनीताल फ्फलैट्स मैदान में सुबह 7 बजे से विभिन्न वर्गों क्रमश: 21 किलोमीटर 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर में आयोजित की जाएगी। बताया कि प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। तिवारी के मुताबिक प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही शहर और आसपास के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे साथ ही केन्या और इथियोपिया देशों के खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने की भी संभावना है। तिवारी ने बताया कि इस बार खिलाड़ियों की सुविधा को देखते हुए दो मोबाइल टॉयलेट भी लगाए जाएंगे। बताया कि विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ ही नगद पुरुस्कार भी दिया जाएगा जिसमें 21 किलोमीटर ओपन पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय को 25 हजार जबकि तृतीय को 15 हजार रुपये रखा गया है। इसके साथ ही अन्य वर्गों में भी विभिन्न कैटेगरी में कैश प्राइज रखा गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान मानसून मैराथन के आयोजक सचिव सागर देवरारी समेत हिमांशु जोशी, धीरेन्द्र भाकुनी, सुधीर वर्मा, गोपाल नयाल, विनोद पंत, मनोज बिष्ट, रवींद्र खनका, पंकज बिष्ट, वीरेंद्र साह,हसन रजा तथा कमल जगाती आदि संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित थे।

## नैनीताल में वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वीकेंड पर नैनीताल में शनिवार को अन्य दिनों की तुलना में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली,दूसरी ओर पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की बढ़ती संखया की वजह से जगह-जगह पर जाम लगने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शाम के समय कुछ देर के लिए हुई बारिश की वजह से पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

बता दें नगर की इन दिनों ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन पूरे जोरों पर है लेकिन वीकेंड के दौरान पर्यटकों की संखया बढ़ जाती है। देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। नगर के साथ ही समीपवर्ती भीमताल, भवाली, कैंची, घोड़ाखाल, गागर, मुकतेश्वर समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में भी इन दिनों पर्यटकों की काफी भीड़-भाड़ से रौनक बनी हुई है। पर्यटकों की भीड़-भाड़ से पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारी भी व्यस्त नजर आ रहे है।



देश के विभिन्न शहरों से इन दिनों स्कूली बच्चों के ग्रुप भी भ्रमण को नैनीताल समेत समीपवर्ती दर्शनीय स्थलों के दीदार को पहुंच रहे हैं। शनिवार को पर्यटक वाहनों की अधिकता से नगर के साथ ही नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में काफी जाम लगा रहा जिसे दुरुस्त करने के लिए पुलिस को खूब पसीना बहना पड़ा।

# अभिमत

## सीखें सबक

***उत्तराखंड सरकार को दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से सबक सीखने की जरूरत है। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने मेडिकल छात्रों के लिए एक वर्ष की अनिवार्य सेवा लागू कर दी है। अब मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सेवा देनी होगी। यह नियम सभी ऑल इंडिया कोटा, स्टेट कोटा, पीजी और सुपर स्पेशलिटी कोर्स के छात्रों पर लागू होगा।***

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था सुधारने के सभी प्रयास विफल साबित हुए हैं। डाक्टर पहाड़ चढ़ना नहीं चाहते हैं। हालत इस कदर बदतर हो गई है कि कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर हल्द्वानी स्थित राज्य के सबसे पुराने मेडिकल कालेज में पढ़ाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी हो गई है। उत्तराखंड सरकार को दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से सबक सीखने की जरूरत है। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने मेडिकल छात्रों के लिए एक वर्ष की अनिवार्य सेवा लागू कर दी है। अब मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सेवा देनी होगी। यह नियम सभी ऑल इंडिया कोटा, स्टेट कोटा, पीजी और सुपर स्पेशलिटी कोर्स के छात्रों पर लागू होगा। उत्तराखंड के मेडिकल कालेजों में रियायती फीस पर पढ़ाई करने वाले डाक्टरों से पांच साल तक पर्वतीय क्षेत्र में काम करने का बांड भरवाया गया था। एमबीबीएस के बाद डाक्टर दूसरे राज्यों में पीजी और सुपर स्पेशलिटी के लिए चले गये। राज्य सरकार ने पूरी फीस के लिए कार्रवाई की, लेकिन पता नहीं चला कि बांड का पालन नहीं करने वालों से वसूली हुई। पृथक राज्य का गठन होने के बाद पर्वतीय क्षेत्र में काम करने के लिए तीन साल का अलग से मेडिकल कोर्स शुरू करने पर चर्चा होती रही, लेकिन अमल नहीं हो सका। देहरादून, हल्द्वानी और तराई के बड़े शहरों में सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डाक्टरों का स्थानांतरण पर्वतीय क्षेत्र में करने पर त्यागपत्र देकर निजी प्रैक्टिस और प्राइवेट अस्पतालों में काम करने लगते हैं। इसी तरह हल्द्वानी मेडिकल कालेज के सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टरों का अल्मोड़ा अथवा अन्य मेडिकल कालेज में तबादला करने पर इस्तीफा दे देते हैं। पर्वतीय क्षेत्र के जिन अस्पतालों में डाक्टर हैं, वहां चिकित्सा की उच्च तकनीक नहीं है और रेफर सेंटर बन गये हैं। कुमाऊं के पर्वतीय जिलों से गंभीर रोगी तथा हादसे में घायलों को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी हास्पीटल में रेफर किया जाता है। सुशीला तिवारी हास्पीटल में मेडिकल कालेज के डाक्टर काम करते हैं। सवाल यह उठता है कि जब मेडिकल कालेज में ही फैकल्टी का संकट है तो सुशीला तिवारी हास्पीटल में इलाज की व्यवस्था कैसे दुरुस्त रह सकती है। उधर मेडिकल कालेज में पढ़ रहे छात्रों को एमबीबीएस डिग्री की मान्यता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

# धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सरोवर नगरी नैनीताल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नैनीताल के विभिन्न स्थलों पर भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सुरक्षाबलों तथा विद्यार्थियों और आम नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

नैनीताल के डीएसए मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सांसद नैनीताल.ऊधमसिंहनगर अजय भट्ट मुखय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विधायक नैनीताल सरिता आर्य, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, मुखय विकास अधिकारी अनामिका सिंह, उप जिलाधिकारीए नैनीताल नवाजिश खालिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद अजय भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक अभयास नहीं है बल्कि यह मानसिक व आत्मिक और सामाजिक संतुलन का माध्यम है। जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये श्लोक का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि योग विषम परिस्थितियों में भी व्यक्ति को संयमित और स्थिर बनाए रखता है। उन्होंने जल, पोषण व वायु, निद्रा और मन के संतुलन को संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी बताया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है जिससे भारत की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम मिला है। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल से जुड़े सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी. एन. मीणा ने एसएसपी कार्यालय में योग किया।





हाईकोर्ट में मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.नरेंद्र की मौजूदगी में योग कार्यक्रम हुआ जिसमें हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय, न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल,महाधिवकता एस.एन. बाबुलकर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मेहता समेत कई न्यायायिक अधिकारी,अधिवकता व कर्मचारी मौजूद रहे। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल कई छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिसर निदेशक प्रो. नीता बोहरा शर्मा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. संजय पंत, डीन आट्र्स प्रो. रजनीश पांडे, मुखय अनुशासन अधिकारी प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत प्रो. लता पांडे एवं प्रो. ललित तिवारी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की आध्यात्मिक शुरुआत डॉ. दीपा आर्या द्वारा प्रार्थना के साथ हुई जिसके पश्चात प्रतिभागियों ने सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभयास किया। कार्यक्रम में खेल विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार, प्रो. आशीष मेहता, डॉ. विजय कुमार, डॉ. मोहित रौतेला, डॉ. दिलीप और श्री शुभम विश्वकर्मा सहित कई प्राध्यापकगण एवं विशिष्टजन उपस्थित रहे। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयए भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस यूथ हॉस्टल नैनीताल में मनाया गया। इस मौके पर यूथ हास्टल के सदस्यों एवं स्थानीय लागों की प्रतिभागिता के साथ सामूहिक योग सत्रध्योगा,यासध्योग प्रदर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डॉ0 सरस्वती खेतवाल ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला चौहान संयोजक लेक सिटी वेलफेयर की गई। इस अवसर पर आर0एस0 टोलिया, वार्डन श्रीमती एम0 टोलिया प्रबंधक कमल सिंह दानू, लिपिक विशन राम, रमेश राम, हरि सिंह मिरौला, मनीष महरा, सुनील आदि मौजूद थे।

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्रोंए शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मिलकर सामूहिक रूप से योगाभयास किया।इस आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डी एस मेहरा, विमलेश गोस्वामी, कुंदन सिंह सुयाल, ममता बिष्ट, जितेंद्र भट्ट, श्रीमती विनीता, दीप्ति त्रिपाठी आदि ने भाग लिया। ज्योलिकोट स्थित नैंसी कॉन्वेंट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए न केवल एक स्वास्थ्यवर्धक गतिविधि था बल्कि आत्मिक शांति और संतुलित जीवन की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध हुआ।

राजकीय बी.पांडे जिला अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सहजयोग संस्थान की ओर से तनाव मुक्त, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, आध्यात्मिक विकास और सुंदर स्वस्थ जीवन के लिए ध्यान एवम योग शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुखय वक्ता कर्नल (सेवानिवृत) वीरेन्द्र तिवारी ने सहज योग के महत्व और इसके लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान मंडल निदेशक डॉ नर सिंह गुंज्याल, अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डॉ द्रौपदी गर्बियाल समेत डॉ वीरेंद्र मिश्रा, डॉ नरेंद्र रावत, डॉ आरूषि गुप्ता, डॉ प्रियांशु, हिमांशु जोशी, हेमा जोशी तथा जीतेश सहित नर्सिंग स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार, सी0आर0एस0टी0 इण्टर कालेजए नैनीताल एवं हार्टफुलनैस संस्थान द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नैनीताल शहर के विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। सी0आर0एस0टी0 इण्टर कालेज नैनीताल के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रशिक्षक श्रीमती सुरुचि साह एवं श्रीमती कनिका राज सिंह द्वारा योग के विभिन्न आसन तथा उसके द्वारा होने वाले लाभों को बता कर किया गया।

इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्थान की प्रशिक्षक गीता सरीन, रुपाली लांबा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डे, नवनीत जोशी, प्रांजल साह,डा. सोबन सिंह बिष्ट,राजेश कुमार, रितेश साह, शैलेन्द्र चौधरी, अनुपम उपाध्याय, ममता जोशी, गौरव भाकुनी, गणेश लोहनी, मनीष साह, राजेश लाल व विपिन चन्द्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रुडी सिंह ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## जब यश चोपड़ा ने अमिताभ को लेकर किया था खुलासा



*फिल्म सिलसिला की कहानी जैसी पर्दे पर थी वैसी ही असल जिंदगी में भी थी। फिल्म में अमिताभ बच्चन और रेखा ने अदाकारी की थी। इन लोगों के रिश्ते के बारे में यश चोपड़ा ने खुलासा किया था। बॉलीवुड की कई फिल्में ऐसी हैं जो वही कहानी दिखाती हैं, जो असल जिंदगी में होती है। इन्हीं फिल्मों में से एक थी यश चोपड़ा की फिल्म सिलसिला (1981)। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा थीं। फिल्म में लव ट्राएंगल दिखाया गया था। फिल्म में जो कहानी दिखाई गई थी वह बहुत हद तक असल जिंदगी में भी थी। उस वक्त अमिताभ बच्चन और रेखा के रिश्ते को लेकर अफवाहें थीं। यह अफवाहें तब और बढ़ गई थीं, जब फिल्म निर्माता यश चोपड़ा ने 2010 में बीबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि रेखा अमिताभ की गर्लफ्रेंड हैं और जया बच्चन उनकी पत्नी हैं। यश चोपड़ा ने इंटरव्यू में कहा था कि सिलसिल फिल्म को बनाना जैसे किसी टाइट रस्सी पर चलना था। उन्होंने कहा मैं हमेशा से डरा हुआ था क्योंकि मैं असली जिंदगी को पर्दे पर ला रहा था। अमिताभ बच्चन ने असल जिंदगी में जया बच्चन से शादी की और खबरें बताती हैं कि वह कथित तौर पर रेखा के साथ भी जुड़े हुए थे। फिल्म की कास्टिंग पहले से ही विवादों में थी। फिल्म निर्माता ने माना कि फिल्म की शूटिंग के दौरान कुछ भी हो सकता था। उन्होंने कहा %वे एक साथ काम कर रहे थे। जया उनकी पत्नी थीं और रेखा उनकी गर्लफ्रेंड। यही कहानी असल जिंदगी में भी थी।*

### अमिताभ बच्चन ने नहीं की शिकायत

*बीबीसी के इंटरव्यू के प्रसारित होने के बाद कयास लगाए गए कि अमिताभ बच्चन यश चोपड़ा के बयान की वजह से परेशान थे। हालांकि बीबीसी एशियन नेटवर्क ने अमिताभ बच्चन की तरफ से किसी भी शिकायत से इंकार किया। सिलसिला फिल्म की कहानी असल जिंदगी और पर्दे पर की कहानी एक जैसी थी। यह फिल्म साल 1981 में बॉक्स ऑफिस पर तो अच्छा नहीं कर सकी थी लेकिन इसकी आज भी सराहना होती है। फिल्म में गानों की खूब तारीफ हुई। इसके अलावा अमिताभ और रेखा के मिलने को सराहा गया।*

# ग्रामीण क्षेत्र में विशेष योग दिवस का आयोजन किया

**पिथौरागढ़ / नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

त्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्तरकाशी, चमोली एवं पिथौरागढ़ के भारत-चीन सीमा से लगे सीमावर्ती गांवों, माणा गांव, मलारी, जादुंग, निलांग, हर्षिल, दुगतु, नाबीढांग आदि ग्रामीण क्षेत्र में विशेष योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार की वाइब्रेट विलेजेज योजना के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, युवाओं, स्कूली बच्चों एवं भारतीय सेना के जवानों ने प्रतिभाग किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम व ध्यान की विधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में योग और स्वस्थ्य जीवनशैली के महत्व को प्रचारित है। इस पहल का उद्देश्य केवल योग के महत्व को उजागर करना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम के दृष्टिकोण के अनुरूप सीमावर्ती गांवों को सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है।



News कॉर्नर

## अतिक्रमण को लेकर 28 जून तक विशेष कैंपों का आयोजन

**हल्द्वानी।** नालों पर हुए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए। अतिक्रमणकारियों को अभिलेख प्रस्तुत करने का अवसर देने के लिए 23 जून से 28 जून तक विशेष कैंपों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। यहां बता दें कि आवास विकास में रकसीया व देवखड़ी नाले पर अतिक्रमण किया गया बालों से अतिक्रमण हटाने के लिए भवन स्वामियों के प्रपत्र की जांच के लिए यह कैंप जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में लिए गए निर्देशों के क्रम में लगाए जा रहे हैं, जिसमें संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं को मौके पर दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इन शिविरों में आने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी । प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे, जिनमें राजकीय विद्यालय बमौरी तल्ली, सुभाषनगर, आवास विकास और रेशम विभाग कार्यालय सहित कुल छह स्थानों को चिह्नित किया गया है।

## सड़क हादसे में मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** बरेली रोड आईटीआई के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में लोगों की हुई मौत मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक कुनाल आर्या की मां विमला आर्या ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 11 जून की रात कुनाल अपने दोस्त आदित्य बिष्ट घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बरेली रोड में आईटीआई के पास सामने से आ रहे अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि कुनाल गंभीर रूप से घायल हो गया था। एसटीएच में उपचार के दौरान कुनाल की भी दो दिन पहले मौत हो चुकी है। अब कुनाल की मां ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर में साप्ताहिक समर कार्यक्रम आयोजित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी एवं भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के भीमताल परिसर में उच्चतर माध्यमिक छात्र छात्राओं हेतु एक सप्ताह के समर स्कूल कार्यक्रम शनिवार से आयोजित किया गया।

इससे पूर्व समर स्कूल का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। उक्त अवसर पर नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी शिलांग एवं भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के फैलो प्रोफेसर एस एस खरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर स्वप्निल श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर शारदा सुन्दरम तथा एमबीपीजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। परिसर निदेशक ग्राफिक




एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर ने अतिथियों को बाल वृक्ष सैंपलिंग भेंट कर स्वागत एवं अभिन्नदन किया। अपने स्वागत भाषण में परिसर निदेशक ने कहा कि वर्तमान समय में इंफ ॉर्मेशन की उपलबध बहुतायत में है और ऐसे में एक अच्छे शिक्षक की जिमेदारी उस इंफ ॉर्मेशन को प्रभावी रूप से छात्र छात्राओं तक पहुंचाने की है जिसके लिए शिक्षकों को लगातार स्वयं के कौशल विकास पर कार्य करने की नितांत आवश्यकता है। मुखय अतिथि प्रोफेसर एसएस खरे ने निदेशक की बातों का समर्थन करते हुए ज्ञान के प्रभावी अधिगम हेतु प्रतिभागियों से चिन्तन शक्ति को विकसित करने पर बल दिया। समर स्कूल संयोजक डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने उक्त आयोजन की रूप रेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन बीण् टेकण् द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं समृद्धि गुरुरानी तथा प्रियंका धामी द्वारा किया गया।समर स्कूल कार्यक्रम के तकनीकी सत्र के दौरान डॉण् नरेन्द्र कुमार सिंह ने ज्यामितीय परिकल्पना द्वारा ने विभिन्न गणितीय पहलू जिसमें समुच्चय सिद्धांत से संबंधित तथ्य शामिल रहे को प्रतिभागियों से रोचक उदाहरणों के माध्यम से साझा किया। दिन के अन्तिम सत्र में प्रोफेसर एस.एस. खरे द्वारा विभिन्न प्रकार की ज्यामितीय परिकल्पनाओं एवं उनके व्यवहारिक महत्व पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों से चर्चा की। उक्त सत्र में उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के अतिरिक्त आयोजन समिति के डॉ. बी.पी जोशी सह प्राध्यापक गणित डॉ डीएसण् रावत सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान एवं विश्वविद्यालय परिसर के स्टूडेंट चेप्टर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सिटी क्लब कार्यकारिणी के लिए 8 सदस्य निर्वाचित, दो सदस्य को हारे

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

सिटी क्लब कार्य समिति के लिए रविवार को हुआ चुनाव शांतिपूर्ण से संपन्न हुआ। इस चुनाव में सबसे अधिक मत पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के अनुज संजय ठुकराल को मिले। आठ सदस्यों के लिए हुए चुनाव में संजय ठुकराल, पंकज बांगा, राजेश घीक, मनीष गगनेजा,सुरेश ढींगरा,नरेंद्र बंसल, सुखदेव सिंह भल्ला और अनुज कुमार अग्रवाल सिटी क्लब के सदस्य पद पर विजई हुए।

जबकि विजय कुमार अग्रवाल और केवल कृष्ण अरोड़ा को पराजय का मुंह देखना पड़ा। चुनाव में संजय ठुकराल को 388, पंकज बांगा को 365, राजेश घीक को 343, मनीष गगनेजा को 340, सुरेश ढींगरा को 301, नरेंद्र बंसल को 300, सुऽदेव सिंह भल्ला को 291, अनुज कुमार अग्रवाल को 270 मत मिले। जबकि पराजित प्रत्याशी विजय कुमार अग्रवाल 223 व केवल कृष्ण अरोड़ा



210 मत ही प्राप्त कर सके। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों व उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने सभी विजयी प्रत्याशियों को फूल मालाएं पहना कर उन्हें बधाई दी वहीं खुशी में खूब झूमे।

चुनाव अधिकारी बरीत सिंह के मुताबिक सम्पन्न हुए मतदान में सिटी क्लब के कुल 546 सदस्यों में से 444 सदस्य द्वारा अपने मत का प्रयोग किया गया। जिसमें मतगणना के दौरान 12 मत अवैध घोषित किए गए।यहां आपको बता दें शनिवार को नामांकन जमा करने व नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रविवार को मतदान प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी बरीत सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी अमित गम्भीर, सीए अशोक सिंघल, प्रदीप बंसल व अजय अग्रवाल के देखरेख में मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। सिटी क्लब के सभी आठ पदों के दस प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदान करने आ रहे मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे। शाम को परिणाम घोषित हुए।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सैलानियों को संस्कृति से कराया रूबरू

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में उत्तराखंड संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन और नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सहयोग से हर शनिवार और रविवार शाम मल्लीताल बैंड स्टैंड में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर नैनीताल आने वाले सैलानियों को पहाड़ की संस्कृति से रूबरू करवाया जा रहा है।

बता दें कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नैनीताल जिले की कई सांस्कृतिक दलों से जुड़े कलाकार अपनी अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। शाम के समय आयोजित होने वाले कार्यक्रम का स्थानीय लोगों के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटक की जमकर लुत्फ उठा रहे हैं और पहाड़ी गीतों पर जमकर ठुमके लगा रहे हैं।

रविवार को भी इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार ललित मोहन चमियाल ने पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दियाए वहीं कार्यक्रम का संचालन उमेश कांडपाल ने किया और आयोजक व नैनीताल के वरिष्ठ कलाकार किशन लाल समेत कई कलाकार मौजूद रहे।



# पर्यटक स्थल चौली की जाली मुक्तेश्वर नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित करने की मांग उठाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पर्यटकों को रोमांचित कर देने वाला अति संवेदनशील पर्यटक स्थल चौली की जाली मुक्तेश्वर नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित करने की मांग। मुक्तेश्वर स्थित चौली की जाली व केन्द्रीय संस्थान आईवीआरआई, स्टैट बैंक मुक्तेश्वर में ड्रोन उडाने पर प्रतिबंधित करने की मांग।

मुक्तेश्वर में चौली की जाली की चट्टान से गहराई लगभग ढाई हजार मीटर से अधिक है। इसी चट्टान के ऊपर सीधे मंदिर गैट से दो सौ मीटर पैदल पहुंचा जा सकता। प्रति दिन चौली की जाली में लगभग एक हजार से अधिक लोग ऊंचाई से हिमालय दर्शन व प्राकृतिक सौन्दर्य के दर्शन करते है। वहीं चौली जाली मुक्तेश्वर में पर्यटकों द्वारा जान को खतरे में डाल कर चट्टान पर स्टंट किये जाये जा रहे जिसका शूट ड्रोन कैमरे से स्थानीय व बाहरी लोगों द्वारा किया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन, स्थानीय लोगों व पर्यटकों की निजता भंग, केन्द्र संस्थान व संरक्षित



वन के ऊपर ड्रोन उडाने पर प्रतिबंधित करने मांग लोगों ने उठाई है। पर्यावण प्रेमियों ने बताया ड्रोन से पक्षियों व पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। मुक्तेश्वर को नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया जाये। वहीं रोमांचित पर्यटकों की असावधानी पहले भी सीधे दर्दनाक हादसों में बदल चुकी है। इस मौके पर जितेंद्र सिंह,मोहन सिंह, इंद्र सिंह, नीरज, चन्दन सिंह, दिव्यांशु, विक्रम सिंह, अजीत सिंह आदि ग्रामीणों ने जिला प्रशासन नैनीताल से संज्ञान लेने की अपील की है।

## हनुमानगढ़ी के समीप बोल्डर गिरने से कार क्षतिग्रस्त

**नैनीताल** । नैनीताल–हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर से लगभग तीन किमी दूर रविवार को हनुमानगढ़ी के समीप बोल्डर गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। संयोग से कार में कोई भी सवार नहीं था।

जानकारी के अनुसार एक टैकसी कार यहां पार्क थी, खराब मौसम के चलते पहाड़ी से बोल्डर गिरने लगे और एक कार बोल्डर की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई। बोल्डर गिरने से कुछ देर यहां वाहनों की आवाजाही बाधित रही।

# चार घंटे की बारिश ने लोगों की राह थामी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को हुई चार घंटे की बारिश ने लोगों की राह थाम ली। इस दौरान नाले उफना गए और सडकें जलमग्न हो गई। इस बीच सैलानी होटलों के कमरों में कैद होकर रह गए। वर्षा थमने के बाद सैलानियों का सैलाब सडकों पर उमड़ पड़ा। बता दें कि नगर में रविवार की सुबह कोहरे की चादर में लिपटी हुई थी,सुबह 9 बजे से बारिश शुरू हुई और वर्षा का तीव्र वेग ने लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने दिया। मध्यम से भारी वर्षा अपराह्न लगभग डेढ़ बजे तक जारी रही। नगर के नाले उफ ान पर आ गए और झील में कूड़े कचरे के ढेर समा गए जिसने नालों की सफाई की पोल खोल दी। इस बीच कई सडकों में जलभराव हो गया। शाम को तीन बजे धूप निकल आई तो लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश से प्राकृतिक जलश्रोत रिचार्ज हो चले हैं जो झील के जलस्तर बढ़ाने में सहायक होंगे। झील का जलस्तर 78 फीट पहुंच गया है। वर्षा थमने के बाद सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी और नगर की रंगत में निखार आ गया। पर्यटन स्थलों में सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। नगर के स्नोव्यू, चिडियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफ ॉल में बड़ी संखया में सैलानी पहुंचे। माल रोड में चहल कदमी करने वालों की भीड़ रही। नगर में दो हजार से अधिक वाहनों की एंट्री हुई और दस हजार से अधिक सैलानियों के पहुंचने का अनुमान है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार वर्षा 30 मिमी रिकार्ड की गई। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 55 प्रतिशत रही।

# वृहद स्तर पर श्रमदान और स्वच्छता अभियान का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के अनुपालन में रविवार को नगर पालिका परिषद नैनीताल की ओर से नगर क्षेत्र में वृहद स्तर पर श्रमदान और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका की अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया। कार्यक्रम के तहत पालिका क्षेत्रान्तर्गत मल्लीताल बोट हाउस




कलब पार्क, अंबेडकर पार्क, ठंडी सडक़, पर्दा धारा, बस स्टैंड, फ ांसी गधेरा व तल्लीताल रिकशा स्टैंड तथा जीवनदायिनी नैनी झील सहित अनेक स्थलों पर श्रमदान और सफाई कार्य किया गया। इस दौरान हाईकोर्ट और जिला जज कार्यालय का स्टाफ समूह की महिलाओं सहित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, ईओ द्वितीय विनोद जीना, सेनेटरी इंस्पेकटर कमल सिंह चौहान, अवर अभियंता विपिन पुरोहित, कर अधीक्षक दीपेन्द्र बमोला, नगर पालिका परिषद के सभासद मनोज साह जगाती, पूरन सिंह बिष्ट सहित कई अन्य सभासदों, अधिकारीगण, कर्मचारी, सुपरवाइजर, पर्यावरण मित्र तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रमदान में प्रतिभाग किया।